have kept the Chief Justice out of this. I would still appeal to you, since a lot of damage has been done to the constitutional institutions of India. Therefore, Sir, I should like to appeal to all of you, please do not do further damage to the Constitutional institution of this country. Let us keep the judiciary out. But at the same time do not play with this House. Let us not play tricks with this Houfe by bringing in the question of a Judge. Let us discuss this issue in a straightforward manner and let us go back to Mr. Bhupesh Gupta's suggestion. Let us see whether we in this House can have a Committee to discuss this matter Or see what can be done. I would like to appeal to the Government not to use the Judiciary in this manner because m this process you are bringing the judiciary into contempt which is most reprehensible. Therefore, I would appeal to you to kindly keep the judiciary out. We would like to support that the motion to be moved should be discussed here.

SHRI L. K. ADVANI; Sir, while I can understand references being made to the Chief Justice any remarks that are derogatory and that reflect upon the conduct of the Chief Justice have to be expunged. It is for you to see.

SOME HON'BLE MEMBERS: No, no.

MR. CHAIRMAN: Calling Attention.

SOME HON'BLE MEMBERS: After lunch.

## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

**Recent abnormal rise in prices of essential commodities causing hardship to common man and the steps taken by Government to check the rise in prices**

SHRI DINESH GOSWAMI (Assam): Sir, I beg to call the attention of the Minister of Commerce, Civil Supplies and Cooperation to the recent abnormal rise in prices of essential commodities causing hardship to the common man and the steps taken by Government to check the rise in prices.

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण कुमार गोयल): श्रीमन् . . .

SOME HON'BLE MEMBERS: After lunch.

MR. CHAIRMAN; You do not want the statement. It is a short one. Within two minutes he will finish. Then we can discuss.. .

SHRIMATI AMBIKA SONI (Punjab) : It is a very important statement.

MR. CHAIRMAN: All right. The House stands adjourned till 2-10.

The House then adjourned for lunch at eight minute3 past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirteen minutes past two of the clock, Mr. Deputy Chairman in the Chair.

श्री कृष्ण कुमार गोयल : श्रीमन्, मैं आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में हाल में हुई वृद्धि के बारे में एक वक्तव्य देने जा रहा हूं।

माननीय सदस्य जानते ही हैं कि पिछले दो वर्षों के दौरान आम तौर पर मूल्य असाधारण रूप से स्थिर रहे हैं। तथापि, पिछले सात सप्ताहों में थोक मूल्य सूचकांक बढ़ा है, जिससे कुछ आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों पर प्रभाव पड़ा है, जैसे चीनी, खांडसारी, गुड़, तिलहन खाने के तेल, फल, सब्जियां, दूध पैट्रोलियम पदार्थ और कुछेक आम खपत की विनिर्मित वस्तुएं। मैं भी

[श्री कृष्ण कुमार गोयल]

माननीय सदस्यों के साथ कुछ आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में हाल में हुई वृद्धि से चिंतित हूं ।

फल व सब्जियों, दूध और दूध से बने पदार्थों के मूल्यों में हुई वृद्धि मौसम की वजह से है, क्योंकि वर्ष के इन दिनों में इनके मूल्यों का रुझान वृद्धि की ओर रहता है । अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में, विशेष रूप से खनिज तेल, पैट्रोलियम पदार्थों, खाने के तेलों और अलौह धातुओं, जिनका आयात करना पड़ता है के मूल्य बढ़ गये हैं । परिणामस्वरूप, इन वस्तुओं, चाहे वे आयात की जाती है अथवा देश में तयार होती है, के मूल्य बढ़ गये हैं । इसके अतिरिक्त आयात किये जाने वाले खाने के तेलों पर शुल्क लगाया गया है ।

तथापि, ऐसी बहुत सी आवश्यक तथा आम खपत की वस्तुएं हैं, जिनके मूल्य कमोवेश स्थिर रहे हैं : इनमें से कुछ ये हैं —गेहूं, ज्वार, रागी, आलू, प्याज, अण्डे मछली लाल मिर्च, काली मिर्च, हल्दी, चाय, काफी और बिस्कुट ।

तथापि, सरकार पिछले कुछ सप्ताहों में समग्र मूल्य स्थिति में जो अस्थिरता आ रही है उसके प्रति सजग है । मेरे मंत्रालय ने राज्य सरकारों तथा केन्द्र शासित प्रशासनों को सलाह दी है कि वे सतर्कता बरतें और उद्योग तथा व्यापार में व्याप्त असमाजिक तत्वों के खिलाफ विभिन्न कानूनों के अंतर्गत कार्रवाई करें । राज्य सरकारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली मजबूत करने की सलाह भी दी गई है ।

चीनी के खुदरा मूल्यों में वृद्धि का रुख चिंता का विषय है । कृषि मंत्रालय स्थिति का पुनर्विलोकन कर रहा है और इस मामले में उपयुक्त कार्रवाई कर रहा है । वर्ष 1979–80 का बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद से आम खपत की कई एक वस्तुओं पर उत्पादन शुल्क घटाया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत दी जा सके । खाने के तेलों का आयात राज्य व्यापार निगम के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे कि देश में इनकी आपूर्ति बढ़ाई जा सके । उत्पादन बढ़ाने संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप ऋण नीति को अब भी प्रतिबंधात्मक बनाये रखा गया है ।

केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों के संबंधित मंत्रालयों/विभागों की सलाह से स्थिति का निरंतर पुनर्विलोकन किया जा रहा है, ताकि आम आदमी की जरूरत की कुछ आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को बढ़ने से रोकने के लिए उपयुक्त उपाय किए जा सकें । यदि व्यापारी और उद्योग ठीक से व्यवहार नहीं करते हैं तो सरकार ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने में नहीं हिचकिचाएगी ।

SHRI LAKSHMANA MAHAPATRO (Orissa): Price of everything is rising and from time to time a review if being made. But what sort of review is being made we do not know.

SHRI DINESH GOSWAMI; Mr. Deputy Chairman, Sir, the Minister has agreed, or has admitted, that there has been rise in prices of various commodities, including essential commodities; but his statement is greatly disappointing fj>r the simple reason that it does not \reflect the urgency of the matter and does not take into account the vital causes for the price rise. He has said that it is because of the price rise of petroleum products or other reasons, but he has failed to mention that if there has been a price rise in this country, and more particulraly of those commodities which affect the common man it is because of the wrong policies of the Government and the budgetary imposts. Sir, it was apparent

when the Budget was presented that there was going to be a massive spurt of inflation in the country because the Budget reflected a previous deficit of Rs. 1590 crores and the present year's deficit of Rs 1359 crores. The net effect of Excise duty was to the tune of Rs. 6«5 crores, there was a hike of Railway fare and tax levies on many essential commodities. To a layman, not to speak of an economist, it was apparent that the prices were going to rise enormously. But the Finance Minister came up with a statement that the price rise in the whole year because of the budgetary imposts would be only to the extent of one per cent. Sir, I consider that if somebody should get the Nobel prize for any piece of fiction, the Finance Minister should get it for this outstanding fiction that he has written after the Budget proposals. This is Sir, the most ridiculous, absurd and silly statement of the year. Even the economists had immediately reacted after the presentation of the Budget proposals that the minimum percentage of price rise will be to the extent of 6 per cent. And what do we see? We see that the Finance Minister, Mr. Charan Singh—who is not here—had to admit within a short time that the wholesale price index had gone up by 3 to 4 per cent within a few weeks of the presentation of the Budget, but still he wanted to project to the country that this 3 or 4 per cent increase in prices was not because of the budgetary provision but for other reasons. But, is it not a fact that the Budget should have taken into account the total picture of the economy and if there were other reasons for the price rise, he should have taken corrective measures in the Budget?

It is no use saying that this price rise was not because of the budgetary provision. I contend and maintain that it was to a great extent due to the budgetary provision. What is the impact on the common man today. Let us look to some of the indices. The price rise index in this country today according to the official wholesale price index during the first two weeks of March this year—these are your figures, not mine—is this: There has been 8 per cent rise in the price of kerosene; 5 per cent rise in that of the groundnut oil; 6.1 per cent, synthetic detergents; 12.7 per cent, tooth paste; 5.4 per cent, soap; 28.2 per cent matches; 2.8 per cent, blades; 2 per cent, paper; 1.4 per cent, vanas-pati; 1.9 per cent, mustard oil; 1.7 per cent, coconut oil; 4.3 per cent, cotton seed oil; 11.1 per cent, cigarettes. Of course, you might say that this is not an item of mass consumption. Even the price of bidi the poor man's item has gone up by 9 per cent.

SHRI N. K. P. SALVE (Maharashtra) : Seventy-five per cent in the price of pulses.

SHRI DINESH GOSWAMI: I do not have official figures of the increase in the price of pulses. But anyone who goes to the market knows that it has gone up by more than 20 to 22 per cent. There has been a marginal rise in the price of rice, barley, onion, banana, meat, tea, sugar and gur, and I do not know what item I cannot include, of common man's consumption in this list. The price of everything has risen. The wholesale prices, contrary to all your expectations, have gone up by 4.4 per cent up to the 31st March as compared to the corresponding figure for the last year. And what is more significant and of greater concern is that the price of intermediate industrial products like paper, leather and chemicals, have gone up again enormously. The price of paper, according to your own estimates, has gone up by 4.5 per cent and leather by 11-2 per cent. The price of all the items which are for mass consumption of the common man, has gone up. If you look to the report given in the Hindustan Times of today, the correspondence has reported about the price rise in various States. I do not have the earlier issue with me. In Rajasthan it has gone up by 56 per cent. This is the observation of the correspondent in the Hindustan Times of today:

[Shri Dinesh Goswami]

"Rajasthanis, 56 per cent of whom live below the poverty line, for geophysical as well as historical reasons, are probably the hardest hit by the post-budget price hike. It has been etsimated that the expenditures of small and middle class families in... (in various towns) ...has been pushed up by 10 to 15 per cent"

Here he has given the statistics" to show how sugar has gone up from Rs. 2.35 kg. to Rs. 2.90 kg. Coming to Orissa, the correspondent writes that the price rise has been 10 per cent minimum. He writes:

"True, post-budget prices in Orissa have certainly not gone berserk. But the price rise in recent weeks completely belies Mr. Charan Singh's forecast that inflation would be contained within barely one per cent. While the prices of certain essential commodities .. have gone up by more than 25 per cent."

In the State from which I come because of transport difficulties, the prices there have gone up by 5 to 10 per cent more than the prices at which We get the commodities at least in Delhi.

Now, as I have said, this is because of the bankrupt policy of the Government, and this is reflected in all the statistics which have come from it. The sugar price has gone up and the simple reason why the sugar price has gone up is that even against the advice of the Commerce Ministry, sugar decontrol was approved by our Cabinet. This thing was raised in the Lok Sabha and in this House also. Up till now have you been able to do anything except saying that this thing is under constant review? You have given warnings to the traders. Have you taken any action against any one of the traders. My point is that you cannot **ecause your whole Government is under the clutches of the traders. Well, Mr. Mohan Dharia is not here, but his colleague is here. Is it a fact thata as it appeared in the report of the Hindustan Times of the 15th April that the vanaspati traders were warned by you and when Mr. Mohan Dharia asked them to reduce the price, the traders retaliated by saying that they would close down production and starve the consumers? And then from your Ministry a threat was given that action would be taken. At least the statement that appeared in the Hindustan Times of the 15th April, to my knowledge, has not been contradicted. Therefore, in this context, I would like to put certain questions and I would like to have your answers. Have you made now a re-evaluation of the effect of your budgetary provisions or do you still stick to your original statement that the price rise will be only to the extent of one per cent? And if your Finance Ministry officials, who are writing brilliant fiction are still sticking to that figure, I would like to know from you if you are prepared to accept an assessment made by some independent body of economists as to whether the statistics given by the Finance Ministry officials are correct. And if the independent body of economists comes to a different conclusion, will the Finance Ministry offi-cials- be prepared to share the responsibility or take the responsibility of causing so much hardship to the common man?

Then I would like to know what has happened to your brilliant in tegrated distribution system.......................

SHRI LAKSHMANA MAHAPATRO: Production-cum-distribution system.

SHRI DINESH GOSWAMI: ... produc tion -cum- distribution system. Mr. Dharia seems to be treated like a baby by the Government. Every time he makes a solemn statement but we do not find...

SHRI PILOO MODY (Gujarat): I am against it.

SHRI DINESH GOSWAMI: I know you are against it. _ Every time you talk about it. But wFTat is the position of the Government?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please be brief.

SrtKl DINESH GOSWAMI: I am concluding. I know you have always given very strong warnings to the traders. It is more than two months since the Budget was presented. Have you taken action against a single trader? If not, what is the use of this threat? Have you taken any action—I would like to know—under the provisions of the Essential Commodities Act against a single trader? My last question is this. If you really feel that anyone responsible for the price rise should be held guilty, then are the Finance Ministry officials prepared to take the responsibility because it is they who are responsible for the price rise? Are you prepared to quit because the entire price rise is because of your wrong and bankrupt policies?

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : श्रीमन माननीय सदस्य श्री गोस्वामी जी ने बढ़ते हुए मूल्यों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है और वह प्रकट करना स्वाभाविक ही है। जितनी चिंता मूल्यों के बढ़ने से माननीय सदस्य को और सदन को है, सरकार भी उस चिंता से उतनी ही चिंतित है। सरकार ने कहीं भी इसको छिपाने का प्रयास नहीं किया कि बजट के बाद मूल्य नहीं बढ़े हैं। बल्कि मैं तो आपके माध्यम से माननीय सदस्य को और सूचित करना चाहूंगा कि मूल्य जिस प्रकार से बढ़े हैं उनकी स्थिति यह है कि 24-2-79 को हमारा होलसेल प्राईस इन्डेक्स 183.6 था वह 14 अप्रेल को 194.0 था। प्राईस बढ़े हैं मैं इसको नहीं छिपाना चाहूंगा। एक निश्चित गति से सात सप्ताह के अंदर प्राईस बढ़े हैं यह सबके लिए चिंता का विषय है। लेकिन यह कहना कि सरकार उसको छिपाती है, सरासर गलत होगा तथा हमारे साथ अन्याय होगा। जहां तक श्री गोस्वामी जी ने यह प्रश्न उठाया कि वित्त मंत्रालय का यह कहना कि बजट के कारण केवल एक परसेंट इन्क्रीज हुई है, मैं समझता हूं कि यह अरग्यूमेंट अकेडेमिक होगा क्योंकि स्वयं सरकार स्वीकार कर रही है कि 24 फरवरी के बाद मूल्यों में वृद्धि हुई है और गत सात सप्ताह के अंदर उस गति से वृद्धि हुई है जो नहीं होनी चाहिए थी। कुछ असामाजिक तत्व इस प्रकार के लगे हुए हैं जो कि इसका अनुचित लाभ उठाना चाहते हैं। मैं समझता हूं कि ये मूल्य कम से कम कितने कितने अनुसार बढ़े हैं इसको निकालना बड़ा असंभव होगा। इन सारी मूल्य वृद्धि के लिए केवल बजट ही कारण नहीं हो सकता है जैसा मैंने अपने स्टेटमेंट में कहा है कि मूल्य वृद्धि के कई कारण रहे हैं जैसे उसमें एक अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों के अंदर मूल्यों का बढ़ना रहा है। आज कई वस्तुएं, जैसे स्टेटमेंट में कहा है जैसे मेटल्स इम्पोर्ट करते हैं इसलिये उन के प्राईस इन्क्रीज करने पड़े, इसी तरह एडोबुल आयल के बढ़े हैं। इसलिए आज जो अन्तर्राष्ट्रीय मारकेट के अंदर मूल्यों में वृद्धि हुई है वह भी एक बड़ा भारी कारण है।

दूसरा यह गर्मी का सीजन भी एक कारण है। इस मौसम में कुछ वस्तुओं के मूल्यों के अंदर बढ़ोतरी आ जाती है, जैसे सब्जी, दूध बताया है। यह भी एक कारण है। लेकिन इन सारे प्रश्नों पर हम चिंतित हैं और जैसा खाद्य मंत्री ने बताया और मैं भी सदन को सूचना देना चाहूंगा कि जो शुगर थी मार्च के अन्दर जिसको कि उन्होंने केवल 4.27 लाख टन मार्केट में रिलीज की थी खाद्य मंत्रालय ने अपनी चेष्टा से प्रयत्न करके और जो शक्कर के मालिक हैं उनको बाध्य किया है और उन्होंने अप्रैल के अन्दर 4.27 लाख के मुकाबले 5.65 लाख टन चीनी बाजार के अन्दर डाली है। लेकिन यह सच है कि मूल्य बढ़े हैं और उन मूल्यों के बढ़ने पर खाद्य मंत्रालय और मेरा विभाग दोनों सम्पर्क बनाए हुए हैं कि किस तरह से इस स्थिति को काबू पाने के लिये क्या किया जा सकता है। इस पर गम्भीरता से विचार चल रहे हैं।

तीसरे माननीय सदस्य ने यह जानना

[श्री कृष्ण कुमार गोयल]

चाहा था कि अभी तक क्या एक्शन लिये गये हैं। यह जो आप बार-बार कहते हैं कि हम एक्शन लेंगे, आपने एक्शन लिये हैं कि नहीं ? जैसे ही बजट पेश हुआ, उसके तुरन्त बाद जितने भी यूनियन टैरिट्रीज और स्टेट गवर्नमैंट्स हैं, सम्बन्धित मंत्रालयों को और सम्बन्धित विभागों को लिखा गया है कि इसके सम्बन्ध में सचेत होकर जो कुछ कानून आपके पास उपलब्ध है, उनके अन्दर जो आप को अधिकार हैं, उनका प्रयोग करके, आवश्यक कार्यवाही की जाए। जैसे आप जानते हैं, श्रीमन् पैंकेज कमाडिटीज रूल्ज हैं, वेंटस और मैजर्स तहत किसी भी पैकेट के ऊपर लिखना जरूरी है कि कब उसका निर्माण हुआ, उसकी प्राइस क्या है, उसके कन्टैंटस क्या हैं। उनको अगर स्ट्रिक्टली आबजर्व किया जाता है, तो जो यह कहा जाता है कि बजट के बाद उन्होंने मनमाने ढंग से पैसा बढ़ा दिया है, उसको कण्ट्रोल किया जा सकता है।

इसी प्रकार स्टाक और प्राइस लिस्ट को डिस्प्ले करना आवश्यक है। उसको यदि स्ट्रिक्टली इम्पलीमेंट किया जा सकता है, तो उस आधार पर लोगों की जो मनमाने ढंग से पैसा वसूल करने की नीयत रहती है, उस पर कण्ट्रोल पाया जा सकता है।

मैं माननीय सदस्य की सूचना के लिये बता देना चाहूंगा कि जनवरी–नवम्बर, 1978 में जो केसिज अभी तक असैन्शल कमाडिटीज एक्ट के तहत अभी तक डिटैक्ट हुए हैं, 9,989 केसेज प्रासिक्यूट हुए 6,406 केसेज कनविक्ट हुए, 934, फूडग्रेन्स और अदर असैन्शल कमाडिटीज सीज्ड 2,25,376 क्विंटल्ज, समरी ट्राइल केसेज 3,756 और समरी केसेज के अन्दर जिनका कनविक्शन हुआ है, वे 713 केसेज हैं। तो ऐसा नहीं है कि उसके सम्बन्ध में असैन्शल कमाडिटीज एक्ट के अधीन या किसी और एक्ट के तहत कार्यवाही नहीं की गई है। मैं इससे सहमत हूं कि इन कानूनों के तहत और भी सख्ती से कार्यवाही किया जाना आवश्यक है ताकि जो लोग अनुचित लाभ उठाना चाहते हैं, वे लाभ न उठा पायें।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही :** चीनी का नहीं बता रहे हैं मंत्री जी। चीनी का बता दें, इसे क्यों नहीं बता रहे हैं ?

**श्री उपसभापति :** बताने दीजिये।

**श्री सीता राम केसरी :** वह हम बतायेंगे भाई।

**श्री उपसभापति :** मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि यह बहुत बड़ा विषय है। ज्यादा समय न लें। सभी बातें परिचित हैं। मंत्री महोदय का उत्तर सुनें और आगे चलने दें।

**श्री कृष्ण कुमार गोयल :** जहां तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रश्न है जैसे कि कई बार इस सदन में कहा जा चुका है और श्री मोहन धारिया जी ने भी कई बार कहा है कि यह पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम न केवल सिविल सप्लाइज की सम्पत्ति है, यह अब गवर्नमेंट की पालिसी है, गवर्नमेंट ने एक्सैप्ट किया है, कैबिनेट का अप्रूवल है, नैशनल डिवैलपमैंट कान्सिल ने इस पर मुहर लगाई है और इस आधार पर चीफ मिनिस्टर्ज को, जिनको कि इसे इम्पलिमैंट करना है, इनको भी कनसैंटिंग पार्टी इस योजना के अन्दर बनाया गया है और इसके एक्सीक्युशन के लिये सैक्रेट्रीज के स्तर पर, मिनिस्टर्ज के स्तर पर कमेटीज बन चुकी है कि किन-किन आइटम्स को आइडैंटिफाई करना है, किन-किन मैन्युफैक्चर्ड आइटम्स को डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम के अन्दर कवर करना है, उन पर विचार चल रहा है और उसे फाइनल शेप दी जा रही है। मैं विश्वास दिलाना चाहूंगा कि जो पहली जुलाई से पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम के बारे में जो चर्चा चल रही है, उस पर शंका की आवश्यकता

नहीं है, वह निश्चित रूप से पहली जुलाई से सारे देश के अन्दर लागू हो जायेगी ।

SHRI DINESH GOSWAMI: He has given certain figures. For how many years has he given them?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He wants to know for what period you have given the figures.

SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL: For 1978 (January to November).

श्री सीताराम केसरी (बिहार) : उपसभापति जी, आपने ठीक ही कहा, कि यह महंगाई और प्राइस राइज एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है । बजट के बारे में तो कहा गया कि ग्रामोन्मुखी था, जिसको मैं कह सकता हूं कृषक बजट रहा, एक और बजट का वह स्वरूप होने से जो प्रभाव हुआ, मैं समझता हूं इस स्थिति में, प्राइस राइज और महंगाई के संबंध में, वित्त मंत्री महोदय ने इस प्रश्न का उत्तर दिया होता, उनके विभाग से यह उत्तर दिया होता तो ज्यादा बेहतर था । एक ओर महंगाई, घर-फाड़ महंगाई आई है, अब तक महंगाई कमर-तोड़ महंगाई रहती थी, अब महंगाई घर-फोड़ महगाई हो गई है, इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि इस नगर के नागरिकों की बात छोड़ दीजिए, मंत्री गणों की पत्नियों ने भी प्रदर्शन किया . . . *(Interruptions)* इस महंगाई के विरोध में प्रदर्शन में समझ लीजिए कि मंत्री-गणों की पत्नियों ने प्रदर्शन किया । अब किन मंत्रियों की पत्नियों ने प्रदर्शन किया—दण्डवते साहब, जार्ज फर्नेन्डीज साहब—जिन पर महंगाई का असर है । मोदी साहब की पत्नी ने नहीं किया, क्यों ? यह सोचने की बात है । क्योंकि महंगाई का असर उन पर नहीं है ।

श्री नागेश्वर प्रसाद शाही (उत्तर प्रदेश) : केसरी की पत्नी ने भी नहीं किया ।

श्री सीताराम केसरी : मेरी पत्नी क्यों करेगी ? आप की पत्नियां आनी चाहिएं; मंत्री जनों की पत्नियां आएं, वित्त मंत्री महोदय की पत्नी नहीं आई, प्रधान मंत्री की पत्नी नहीं आई, दण्डवते जी की पत्नी, श्री जार्ज फर्नेन्डीज साहब की पत्नी आई; मोदी साहब की पत्नी नहीं आई । इन सब को मद्देनजर रखते हुए . . .

श्री पीलू मोदी : यह कहां मेरी पत्नी को ले जाना चाहता है ?

श्री सीताराम केसरी : मैं आपकी पत्नी को उसमें ले जाना चाहता हूं। इसलिये मैं कहता हूं, यह घर-फोड़ महंगाई आई है—कमर-तोड़ थी पहले । मंत्री महोदय ने उत्तर में कहा कि महंगाई के कारणों में एक मुख्य कारण यह है कि विदेश के बाजारों में जो चीजें आयात होती हैं, उसकी कीमत बढ़ गई है । मगर उन कीमतों की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहता हूं चूंकि यह महंगाई निम्न-स्तर के व्यक्ति को ज्यादा छूती है । गरीब ज्यादा प्रभावित होते हैं । मध्यम वर्ग भी उतना प्रभावित नहीं होता है । नौकरी पेशा भी ज्यादा प्रभावित होते हैं । वित्त मंत्री महोदय ने भाषण में कह दिया कि मेरे बजट से अगर प्रभावित होगा तो एक प्रति शत होगा और जिन चीजों की कीमत बढ़ी है बजट की वजह से नहीं बढ़ी है। यह एक हास्यास्पद बात है। मैं एक उदाहरण देता हूं कि पैट्रोल की कीमत बढ़ गई है और क्या यह सही नहीं है कि जब टैक्सी वालों ने स्ट्राइक किया तब टैक्सी का भाड़ा बढ़ गया ? क्या यह सच नहीं है कि डीजल पर जो आपने ड्यूटी बढ़ाई उसकी वजह से बस और ट्रक का भाड़ा बढ़ गया है, यातायात में भाड़ा बढ़ गया है । क्या यह सच नहीं है ? कितनी बड़ी झूठ बात है कि वित्त मंत्री महोदय कहें कि बजट का कोई प्रभाव नहीं पड़ा ? इसलिए मैं इस बजट को कहता हूं एक वृषभ बजट, वृषभ यानी बैल । यह है परिणाम उस बजट का जिसको कहते हैं ग्रामोन्मुखी बजट, गांवों के लोगों की भलाई के लिए बजट। लेकिन इस अवसर पर

[श्री सीताराम केसरी]

मैं विस्तारपूर्वक बजट पर बोलना नहीं चाहता, बजट पर बोलने की आवश्यकता नहीं है, मगर यह कहना कि बजट का प्रभाव इस में नहीं है यह सरासर गलत और निर्मूल बात है। बजट का प्रभाव पड़ा। वनस्पति घी ले लीजिए। इम्पोर्ट पर आप ने ड्यूटी लगा दी है। उसका भाव 154 रुपए से 170 रुपए हो गया है। उसके अलावा काले बाजार में भाव आप जानते हैं। 10 रुपए किलो है। क्या आप जानते हैं कि किरोसिन तेल, जो गरीबों की पाकेट को टच करता है, डीजल मिला कर तीन रुपए बोतल मिल रहा है। इन सब चीजों को आप को मद्देनजर रखना पड़ेगा। सीमेंट का क्या रेट है? 60 रुपए बिक रहा है ब्लैक मार्केट में। दाल की कीमत देख लीजिए। अगर सब्जियों में आलू का उत्पादन नहीं होता--- मोदी जी ने आलू खाना इसलिए शुरू कर दिया कि और चीजों की उपज कम हुई है, यद्यपि आलू खाने से आदमी मोटा होता है, वजन बढ़ता है और अकल तेज होता है जो इन में है।

श्री पीलू मोदी: सब को खिलाता हूं।

श्री सीताराम केसरी: ये सब को खिलाते हैं। अगर आलू की कीमत सस्ती न होती तो भोजन में कहीं सब्जी नजर न आती।

एक चीज और कहूंगा। मैं इसी लिए कह रहा था कि पटनायक साहब का उपस्थित रहना जरूरी है। उपसभापति जी, दो साल पूर्व लोहे की कीमत 1300 रुपए टन थी। आज वह 3600 रुपए टन है।

इसी तरह आवास का प्रश्न ले लीजिए, हाउसिंग की बात ले लीजिए। जिस जगह का सौ रुपए किराया था, आज सात सौ रुपया किराया है। इन सारी चीजों पर गम्भीरता पूर्वक विचार कीजिए। आज सारे देश में कीमतें आसमान छू रही हैं और विस्फोट की अवस्था है। सिर्फ आप के कहने से कि कीमत घट गयी इस से काम नहीं चलेगा।

मैं एक चीज और कहना चाहता हूं जो उत्पादक हैं वनस्पति घी के, सीमेंट के, जो चीजें बड़ी-बड़ी कम्पनियां उत्पादन करती हैं आप उन्हें ईमानदार समझते हैं। मगर मैं जानता हूं कि सच्ची बात क्या है। जिस समय वेजीटेबिल घी उत्पादक के यहां से विक्रेता के यहां कन्ज्यूमर के लिए जाता है उसी समय वेजीटेबिल घी का डिफरेंस ले लिया जाता है। वह 160 रुपए टीन हुआ तो बाजार में बिकेगा, ब्लैक में बिकेगा 200 रुपए टीन, इस लिए दस रुपए टीन डाल दो। जो छोटे व्यापारी होते हैं जिनकी संख्या आप ने 9 हजार या 7 हजार लगायी है वे कम उत्तरदायी हैं ब्लैक मार्केट के लिए, भ्रष्टाचार के लिए। वस्तविकता यह है कि उत्पादन जहां से होता है वहीं से यह चलता है। ऐसा नहीं है कि जो उत्पादक लोग हैं, मैनुफेक्चरर्स हैं सब आनेस्ट हैं। बहुत-सी बड़ी-बड़ी कम्पनियां आनेस्टली डील करती हैं, मगर अधिकांश उत्पादक डिफरेंस का लाभ ले कर छोटे व्यापारियों को देते हैं और छोटे व्यापारी कन्ज्यूमर्स को बेचते हैं।

एक बात और। उपसभापति जी, आप ने खुद कहा है कि बड़े महत्व का प्रश्न है, इसलिए मैं फिर आप से कह रहा हूं। जैसा कि वित्त मंत्री जी ने दूसरे दिन कहा, तस्कर व्यापारियों को उन्होंने पकड़ने की कोशिश की है। यह स्वागतयोग्य बात है। यह भी एक कारण है। जब से आप ने यह घोषणा की है कि पहली जुलाई से आप फेयर प्राइस शाप्स के द्वारा वितरण करेंगे तब से आप जानते हैं क्या हो गया? बाजार में चीजों की कीमतें बढ़ गयी हैं चूंकि व्यापारी ने यह समझा कि जो चीजें कन्ज्यूमर को मेरे द्वारा दी जाती थीं अब वह आप के द्वारा दी जायेंगी। मैं इस सिस्टम का विरोधी नहीं हूं, मगर इस प्रणाली की आवश्यकता होती है जब देश में अभाव की अवस्था उपस्थित होती है। जब कभी

ग्रभाव की ग्रवस्था उपस्थित हुई तब ग्राप की सरकार ने ग्रौर हमारी सरकार ने यह प्रणाली एडाप्ट की थी। मगर मैं ने देखा है कि ग्रक्सर यह जिस के हाथ में दी जाती है उन कर्मचारियों का निहित स्वार्थ इस में ग्रा जाता है वे उसे चलने नहीं देते हैं। इसलिए मैं ग्राप से निवेदन करूंगा कि जो ग्राप इस वितरण प्रणाली ग्रौर कोग्रापरेटिव्ज के द्वारा बेचना चाहते हैं, कन्ज्यूमर्स तक पहुंचाना चाहते हैं उस के लिए बड़ी मुस्तैदी की ग्रावश्यकता होगी। तीसरी बात यह है कि जैसा ग्रापने कहा, विदेशों से जो माल ग्रापका ग्राता है उस पर बन्दरगाहों में कंजेशन होने की वजह से ग्रापको लाखों करोड़ों रुपया डैमरेज का देना पड़ता है ग्रौर उसकी वजह से उसकी कीमत बढ़ जाती है। इसलिये उपसभापति महोदय, ग्रापके माध्यम से मैं कहना चाहूंगा कि मंत्री जी ने क्या कदम उठाये हैं उनसे ही काम नहीं चलेगा, मगर ग्राप क्या कदम उठाना चाहते हैं ग्रौर कैसे इन बढ़ती हुई कीमतों को नियंत्रित करना चाहते हैं इसका कोई रास्ता निक लिये, नहीं तो कीमतें दिन-ब-दिन बढ़ती ही जायेंगी।

श्री कृष्ण कुमार गोयल : माननीय सदस्य केसरी जी ने बड़े विनोद से एक गम्भीर परिस्थिति की ग्रोर ध्यान दिलाया है ग्रौर उन्होंने ग्रालोचनात्मक ढंग न ग्रपना कर कंस्ट्रक्टिव रूप से इस बात को कहा है कि इस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए, केवल स्टेटमेंट देना ही पर्याप्त नहीं है ग्रौर मैं इससे सहमत हूं। जैसा कि मैंने ग्रारम्भ में कहा कि बढ़ते हुए मूल्यों को खुद हमने डिफेण्ड करने की कोशिश नहीं की। हमने वह कहा कि मूल्य जो बढ़ रहे हैं...

श्री कल्याण राम केसरी : ग्रापके मंत्रालय ने नहीं की लेकिन वित्त मंत्रालय ने की है। उन्होंने कहा है कि एक परसेंट से ज्यादा नहीं बढ़ेंगे। लेकिन यह सरासर गलत क्लेम है।

श्री कृष्ण कुमार गोयल : यह जो सारी स्थिति है ग्रौर इसके साथ-साथ जो वितरण प्रणाली की बात चल रही है, उसके संदर्भ में यह सच है कि जो निहित स्वार्थ हैं, जो व्यापार में ग्रनुचित लाभ उठाना चाहते हैं वह हर प्रकार से चाहेंगे कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली किसी प्रकार से सफल न हो पाये। इस चैलेंज को भारत सरकार ने तो स्वीकार किया है, लेकिन वह ग्रपने ग्राप में पर्याप्त नहीं होगा। इस प्रणाली को सफल बनाने के लिये वेस्टेड इंटरेस्ट जो इसको खत्म करने की कोशिश करेंगे उनको मीट करने के लिये मैं चाहूंगा कि सदन के सारे सदस्य इस संबंध में खुल कर ग्रपना सहयोग दें ग्रौर हमें देखना है कि ग्रगर हम देश में वास्तव में गरीब तबके को ग्रौर विशेषकर मध्यम वर्ग को जिसकी ग्राय सीमित है लाभ पहुचाना चाहते हैं बढ़ते हुए मूल्यों के संदर्भ में तो इस वितरण प्रणाली को [illegible] नहीं मिल सकती है। साथ ही मैं चाहूंगा माननीय सदस्य इसमें सहयोग दें। बढ़ती हुई प्राइसेज को यह ठीक है कि कंट्रोल के माध्यम से कर्ब किया जा सकता है लेकिन ग्रगर हमने इस रास्ते को ग्रपनाया तो उस के दुर्गुण ग्रधिक होंगे। तो ग्रच्छा होगा कि हम ग्रपने समाज को राहत दें इन कोग्रापरेटिव्ज को स्ट्रेंथेन करके ग्रौर उनको मजबूत बनायें। इस संबंध में मैं इतना ही कहना चाहूंगा।

श्री उपसभापति : केसरी जी का कोग्रापरेशन ग्रापको मिलेगा।

SHRI N. P. CHENGALRAYA NAIDU (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, I have seen the prices of every commodity going up except the prices of agricultural products. If I produce rice or wheat or anything else, the prices go down and the prices of other things go up. Take the price of rice. It has gone down below the rate fixed by the Government. I have myself undersold my paddy. Wheat is being undersold in many places. When the produce goes to the middleman, then its price goes UP- Who is responsible for this? The Government is responsible for this. I undersell my paddy. I undersell my other products. But

[Shri N. P. Chengaraya Naidu]

when these things reach the consumer, the prices go up. Where is the defect? It is in the distribution. The Minister took over two years hack. But he has not implemented the new scheme for the last two years though he says every time that the new scheme is coming. I do not know what type of scheme is coming and how it will function. Even two years back, the Indian Oil Corporation and the Petroleum Ministry introduced some outlets in some places attached to the oil distribution pumps. Sir, in these multi purpose outlets, not only this oil but all the essential commodities including iron, cement, fertilizers, pesticides, medicines, etc. are sold. The prices came down. The control cloth is sold, and the price has come down. After that, they said that they would extend this to all diesel bunks, but they have not extended it. I can assure you that those are functioning well. But they are not doing it in other places. So, Sir, there is a mistake in the distribution system. The Government must take into consideration the price at which the agriculturists sell at the village level, and what the profit is at the middleman's level, and what the price is when it comes to the wholesaler and when it goes to the retailer and the consumer. Sir, there is a big difference in the price at these different levels. And this difference must be reduced.

Sir, take the question of pulses. Whatever is in shortage here, our Government is trying to import it. They know only that. They do not know the other way. Why cannot this Government say that those who produce pulses will be given some subsidy, some reduction in the water rate or the land revenue? You offer them incentives and they will produce more. Instead of that, our Government will say that we will import. That is the only thing they know. How must of foreign exchange they are losing by importing them? Earlier, we were exporting steel. Now, we are importing steel. Now the prices of steel have gone up. From Rs. 2,609, they have gone up to Rs. 4,600. Steel is also an essential commodity for the agriculturists. They have to purchase the electric motors. Due to the price rise in steel, now they have to pay more. The oil prices have also gone up. Sir, in the new Budget, the Finance Minister gave us a reduction of Rs. 5 per bag of fertilizers. We have got a reduction of Rs. 5 in the case of urea. That is all. But how much are we losing on diesel? I purchase 20 bags of urea and I save Rs. 100. But I am losing Rs. 500 on the purchase of diesel oil. I am losing so much of diesel, cement, iron, etc. Reduction in the price of urea is only a small mercy shown to us. And these people call it a 'kulak Budget'. Actually what is the amount that these business people like Shri Sitaram Kesri are making? And they call us all names. Butj actually, we are the losers. The urban people have benefited. They call this a 'kulak Budget'. But they are the people who are benefited, those people who had the stocks of iron and steel have benefited. The steel was selling at Rs. 2,600. After the Budget, the price went up to Rs. 4,600, and every merchant made lakhs of rupees, and nobody knows whether they pay the income-tax or not.

Now, Sir, take the question of sugar. I was getting Rs. 130 per tonne of sugarcane when I was supplying it to the factory. But, due to our Government's policy, it came down to Rs. 110 or Rs. 100. After the Janata Party came to power, we thought the prices of sugarcane will go up.-But they reduced it to Rs. 110. Now, Sir, at Rs. 110 per tonne, the consumer must actually get sugar at Rs. 2.25 per kg. But the consumer is not getting at that price. The agriculturist is deprived of his money. The consumer is deprived of ttie benefit. The consumer has to pay Rs. 2.75 or Rs. 3 per kg. This is the position. Who is at fault? Sir, the Government is at fault; the distribution system is at fault . I do not know whether it will come to Rs. 2.25 or Rs. 1.75 when you give it to the diStri-

bution centre from the factory. You have been saying that you will introduce the new system soon. I do not know when the new system is going to be introduced. According to the list of shops that they have selected, . they have not selected more shops. They have selected only a few cooperative societies in a district. If you have to purchase these consumer articles in that co-operative society, you have to walk 3(1 miles or 40 miles. And, what is the amount that you gain? You do not gain much. You have to pay the bus charges and the train fare and you will not gain much. So, my request to the hon. Minister is that they should start as many centres as possible, distributing centres. You should also ask all the petrol dealers to have multi-purpose outlets in every petrol depot. It must be a compulsory thing, these multipurpose outlets so that these things are sold to consumers at a reasonable price. There should not be much difference between the cost of production of a thing and its sale price. If this is not donej there is no use of opening more distribution points.

The hon. Minister says that the new distribution system is going to come into effect from 1-7-1979. There is plenty of time. Now at least let them ask the State Governments to select more centres for distribution and issue an order to the oil distributing companies to start multi-purpose outlets and sell these things there. I would request the hon. Minister that he should ask these distribution centres not only to sell consumer items like dal, pulses and foodgrains, but also things like cement and steel which we need in villages and electric motors and such other things must also be sold by these consumers distribution centres. Otherwise, there is no use of having these distribution centres. The Government is gettin bad name because the Ministers are not taking proper steps. For this reason the Government is getting a bad name and the Party is also getting a bad name. Actually, the agriculturists have supported the Janata Party in the previous elections and they are expecting much from this Government but. in fact, they have not received anything. I hope the Government will start more distribution centres and see that the prices come down.

श्री कृष्णकुमार गोयल : श्रीमन्, श्री नायडू ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक प्रश्न उठाये हैं। उत्पादकों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य मिले, बीच में जो बिचौलिये हैं वे समाप्त हों और उपभोक्ता को उचित मूल्य पर वस्तुएं मिलें, इस संबंध में मेरा यही निवेदन है और प्रयास भी यहीं किया जा रहा है कि जो कोआपरेटिव मार्किटिंग सोसायटीज हैं उनको अधिक से अधिक मजबूत किया जाय और उनमें और कंज्यूमर्स सोसायटीज के अन्दर तालमेल बैठाया जाय ताकि किसानों के शोषण को रोका जा सके। इसके साथ-साथ मार्किटिंग सोसायटीज और कंज्यूमर्स सोसायटीज में आपस में कोआर्डिनेशन हो और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर वस्तुएं मिलें, यह हमारा प्रयास है। मैं समझता हूं कि यह एक बहुत बड़ी लम्बी कड़ी है जिसको हमें मजबूत करना है।

जहां तक इम्पोर्ट का प्रश्न है, मैं इस संबंध में बहुत स्पष्ट कहना चाहूंगा और इस संबंध में सरकार भी स्पष्ट रूप से स्वीकार कर चुकी है कि किसानो के हितों को नुकसान पहुंचा कर किसी भी वस्तु का इम्पोर्ट न किया जाय। हमारी कोई भी इम्पोर्ट पालिसी निश्चित करते समय किसानों के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। हम चाहते हैं कि किसानों के हितों को किसी भी प्रकार से आघात न पहुंचे। इन सब बातों के बावजूद हमारे कई निर्णयों का गाफी विरोध हुआ। लेकिन फिर भी सरकार ने निर्णय लिया कि जितना भी हमारा एडिबल आइल है उसका इम्पोर्ट इंडिविजुअल हाथों से समाप्त करके एस०टी०सी० के माध्यम से केनेलाइज किया जाय ताकि किसानों के हितों पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव न पड़े।

[श्री कृष्ण कुमार गोयल]

जहां तक पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम का संबंध है, जैसा मैंने आरम्भ में ही कहा है, उसकी शुरूआत 1 जुलाई से करने का निर्णय लिया जा चुका है और भारत सरकार की ओर से संबंधित राज्य सरकारों और यूनियन टेरेटरीज को कह दिया गया है कि वे दो हजार की आबादी पर एक फेयर प्राइस शाप को आधार बना कर अपनी पूरी

3 P.M. तैयारी कर लें। कितना आउटलेट उनके पास आज है। उनमें अगर कोई फंक्शन नहीं कर रहे हैं तो उनकी जगह पर दूसरे लाये जाएं। इसके साथ साथ स्टोरेज कैपेसिटी कितनी है और कैसे उसे ठीक ढंग से काम में लाया जा सकता है, इस संबंध में सारे आवश्यक निर्देश, डाइरेक्शंस स्टेट गवर्नमेंट्स को दे दिये गये हैं। अभी तक इस सम्बन्ध में जो स्टेट गवर्नमेंट ने किया है उसके बारे में यहां के सैक्रेटरी द्वारा इस महीने की 4 तारीख को स्टेट के सिविल सप्लाई विभाग के जो सैक्रेटरी हैं उनकी मीटिंग बुलाई गई है। माननीय मंत्री जी की ओर से जो चीफ मिनिस्टर्स को इस सम्बन्ध में लिखा गया है उस सम्बन्ध में उन्होंने क्या तैयारी की है और वे इस ओर कितना आगे बढ़े हैं और कितना इस कार्य को किया जा चुका है इस बात पर विचार होगा। मैं यहां पर यह बता देना चाहता हूं कि इस मामले में सरकार निश्चित रूप से गंभीर है और यह निश्चित कर दिया गया है कि 1 जुलाई से पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम लागू किया जायेगा। इसके लिये आप सबका सहयोग अपेक्षित है जो कि बहुत आवश्यक है। जहां तक माननीय सदस्य ने अन्य मंत्रालयो पेट्रोलियम और एग्रीकल्चर के बारे में सुझाव दिये हैं मैं उनको संबंधित मंत्रालयों को भेज दूंगा।

SHRI ANANDA PATHAK (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, Sir, at the very beginning you yourself pointed out that this issue is very important, i share that view and I draw the attention of the House as well as of the Minister concerned to the fact that the prices of all the essential commodities are going up and that is affecting the life of the people. The prices of the articles of day-to-day needs are going up every day and there is no sign of the prices coming down. Specially we And this trend in the case of certain essential items immediately after the presentation of the General Budget as well as the Railway Budget when prices of all the essential commodities started rising. Prices of items like the match box, soap, sugar, vegetables, salt, coal, pulses, cement and everything are going up. Sometime back we found that the price of edible oil went up very high. But it was varying from State to State. la some States we found that its price went up to Rs. 18.20 per Kg. Therefore, we, our party, as well as the Left Front Government in West Bengal have all a'ong been demanding that the Central Government should take over wholesale trade of all the essential items; at least, it should take over wholesale trade in items like rice, wheat, sugar, salt, pulses etc. and these items should be distributed through the public distribution system. Only then can the prices be checked. We can thus ensure distribution of essential items at cheaper prices to the consumers. Otherwise, I am afraid, whatever system is introduced by the Government, it would not work. Sometime back, at the meeting of the Consultative Committee of the Ministry of Commerce, Civil Supplies and Cooperation, I raised this point and in reply, the Government stated the same thing. But where is the guarantee that this public distribution system through cooperatives and fair-price shops would work, and what the Government proposes to do? Unless supply of these essential articles is ensured, how can they ensure distribution oi these items to ordinary people? Therefore, my proposal is that the Government should take over the wholesale trade of these articles and distribute them through the public distribution system

so that the priceg of these articles are the same in all the States, without any variations as is happening now. I have a very bitter experience in this regard. We also sometimes work in the co-operatives. What happens is that with good intentions we start the co-operatives to supply cheaper goods to the people, but there is no guarantee for the supply of these goods. When we go to the wholesale co-operatives, they say that they had not received the supplies from the Government. Therefore, the very root of the problem is that unless the Government guarantees regular supplies through the public distribution system, this system will not work. The Government is saying that they will introduce this system from the 1st of July. That is all right. But if there is no guarantee for regular supplies, for some time it mav work but thereafter it will collapse. I do not know what the Government is thinking of, but I again emphasise that the Government should take over . the wholesale trade of all these commodities and ensure regular supplies of these articles through the public distribution system to the co-operatives and other agencies. Then only will this system work properly. So I request the Minister concerned to assure us that the Government would consider this proposal of taking over of the wholesale trade and distributing articles through the public distribution system. Otherwise, this system will not work and the same thing will be repeated.

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : श्रीमन्, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संबंध में अनेक बार मैंने कहा है और उसको एक बार फिर दोहराना चाहूंगा । यह प्रणाली कोई नई व्यवस्था नहीं है जिसको हम लागू करने जा रहे हैं । लेकिन जो व्यवस्था है उस व्यवस्था को स्थाईत्व मिले, इस व्यवस्था का संबंध केवल वितरण से न रख कर इसका उत्पादन से संबंध जोड़ा जाए यह इसके अन्दर नवीनता लाई गई है वरन् आज भी वितरण प्रणाली व्यवस्था के अन्दर कुछ वस्तुएं हैं जो वितरित की जा रही हैं । इस संबंध में मैं माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि टेक-ओवर करके, प्रोक्योर करके उसका डिस्ट्रीब्यूशन किया जाए यही कोई इलाज नहीं है, यह अपनी एक आईडियालोजी हो सकती है सिद्धांत हो सकता है लेकिन यह सरकार इसको नहीं स्वीकार करती । सरकार मिक्स्ड इकोनोमी में विश्वास करती है । कोई भी सिद्धांत अपने आप में सिद्धांत के लिए नहीं है । सिद्धांत जो बनाए गए हैं, उनका जन साधारण से सीधा संबंध होना चाहिए । इसलिए मैं माननीय सदस्य की सूचना के लिए कहना चाहूंगा कि बिना टेक-ओवर किए हुए, बिना होलसेल बिजनेस के खत्म किए हुए आज भी देश के अन्दर गेहूं की वितरण प्रणाली व्यवस्था जिस ढंग से चल रही है मैं समझता हूं कि उसका दूसरा कोई उदाहरण नहीं हो सकता । हमारे देश की कितनी बड़ी आबादी है, कितना बड़ा क्षेत्र है, आज इतने बड़े क्षेत्र के अन्दर इतनी बड़ी आबादी हम फेअर प्राइस शाप्स के माध्यम से जगह जगह पर गेहूं और चावल पहुंचा रहे हैं । मैं समझता हूं कि यह कहना कि जब तक सारे बिजनेस को टेक-ओवर नहीं करेंगे तब तक डिस्ट्रीब्यूशन पूरा नहीं हो सकता, मैं समझता हूं कि यह धारणा गलत है । उसी आधार पर एक दूसरी बात इसी वितरण प्रणाली के विषय में मैं निवेदन करना चाहता हूं । हम इसको कोई स्वप्न के रूप में नहीं रखना चाहते । हम इसे व्यवहारिकता देना चाहते हैं । आज हो सकता है जो हमारे विरोधी हैं वे जान कर के कि यह डिस्ट्रीब्यूशन उनके हितों के विपरीत जाएगा वे चाहेंगे कि इस वस्तु को भी, उस वस्तु को भी, अ से लेकर ह तक सभी वस्तुओं को इसमें शामिल कर लें ताकि यह आगे चल कर असफल हो जाए इसी को ध्यान में रखते हुए हम बड़ी सावधानी से चल रहे हैं कि इस वितरण प्रणाली व्यवस्था के अन्दर केवल सिलेक्टिव आइटम्ज को ही लिया जाए । फिर इसके एक्सपेरीमेंट को ले कर हम सफल हो सकते हैं । धीरे धीरे उन आइटम्ज को भी बढ़ाते चले जाएं इसी

[श्री कृष्ण कुमार गोयल]

तरीके से हम इस योजना को चलाने जा रहे हैं। मैं आशा करता हूं कि माननीय सदस्यों का इस योजना को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से सहयोग मिलेगा।

PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, Sir, I would start from the point at which the Minister gave the last reply, that is his faith in the mixed economy. But the fact remains that the initial statement says about the mixed economy which has been operating in our country. Perhaps this term is in vogue in our country only. It is another name for the capitalist economy. It is because of this economy that the Government has not been able to check the rise in the prices. And this time also the ' statement of the Minister says that they were not able to take preventive steps in regard to the rice in prices. The Minister says that in At^in cases the increase was seasonal. I do not know whether he meant that the increase after the presentation of the Budget is also seasonal. This has been seasonal year after year. The same phenomenon has ben repeated. Notwithstanding that, the Government puts greatest reliance on the economy but no preventive steps are taken so that the same experience is not repeated.

Notwithstanding the optimism of our first Deputy Prime Minister and Finance Minister—this statement was made earlier at the time of the presentation of the Budget that the increase in the price would be less than 1 per cent—the Ministry of Commerce ought to know better, it is they who operate in the field. Therefore, it was their obligation to lake preventive measures. The Minister earlier said about raising of products, display of prices this and that thing and that supply was better. But the Minister did not say whether the increase was reflected in the price displayed or it was a sort of black market price or that the actual price was higher than the displayed one. What steps were taken by the Government to prevent these things? That has not been said.

SHRI KALYAN ROY (West Bengal) What is this and that?

SHRI SOURENDRA BHATTACHARJEE: That does not matter. That is recorded. It is for the purpose of record. You know that for the purpose of record, the Minister continues to say that they are keeping a watch. The Minister of Finance, our first Deputy Prime Minister, the day after yesterday, issued a stern warning to the traders.

SHRI KALYAN ROY: No. He issued a stern warning 10 the working class. The Finance Minister said that he knew that the price was going up but that the working class should tighten its belt. That is what he said.

SHRI SOURENDRA BHATTACHARJEE: I stand corrected by him. But anyway, the fact remains that he is keeping a watch on the situation, a very close watch, a very careful watch on the situation. Has it gone in public interest? There has' been a steep increase in the price of all the essential commodities beginning frcm certain types of cereals also, then sugar, kerosene oil, edible oil and all types of things. This is the position. When the Budget was presented it was thought that there was a declaration of war on the common man, and now the rise in price has shown from which side that declaration has been put into effect. So, what we would demand from the Government is to stop the source of cutting the cost of the common people. There is manipulation by the traders, by the business community. The hon. Members have suggested that it should be taken over. He said that the wholesale business should 1>e taken over. I say that the entire business in essential commodities and of course, production which is the source shouid be taken over and arrangement should be made for the system of public distribution.

We have been listening about the declaration. The Minister has once again assured that it will do so on the 1st of July, that is on the public distribution system, about 28 months after the assumption of power by the Government. If that schedule is disturbed, who will save us? Nobody knows. Can the Minister assure us that effective checks will be instituted on the business community and steps wil] be taken ultimately to take over the production and distribution? And will the people be assured that the public distribution system that will be introduced from the 1st of July will cover all the essential articles and at the same time, a reasonable price will be exacted from the people?

श्री कृष्ण कुमार गोयल : श्रीमन्, जन-साधारण को राहत मिले, बढ़ते हुए मूल्यों से उनको बचाया जा सके उसी ओर माननीय सदस्य ने चिन्ता प्रकट की है। जैसा मैं पहले कह चुका हूं कि जहां तक पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन 'सिस्टम का सवाल है निश्चित रूप से एक जुलाई से यह इफेक्टिव हो जायगा। लेकिन उसमें कौन कौन सी वस्तुएं एन्क्लूड करनी हैं. . .

SHRI SOURENDRA BHATTA-CHARJEE: What will be the price level?

श्री कृष्ण कुमार गोयल : वे सब रीजनेबुल होंगी। मारकेट के मुकाबले में चीपर होंगी. . .

SHRI KALYAN ROY: What is "cheaper" in Hindi? He should speak either in English or in Hindi.

SHRI PILOO MODY: Sir, this is not fair. He can also be either a revolutionary or a bourgeois. He cannot be both.

श्री कृष्ण कुमार गोयल : मुकाबले में सस्ती होंगी।

SHRI LAKSHMANA MAHAPATRO: Not only is the economy mixed but the language also is mixed.

श्री कृष्ण कुमार गोयल : इस सार्वजनिक वितरण प्रणाली में श्रीमन्, आरम्भ से लेकर अन्त तक प्रोडक्शन के बाद प्रोक्योरमेंट हो, बफर स्टाक के लिए स्टाक बनाया जाय, उनका ट्रांसपोर्टेशन हो और उनको डिस्ट्रीब्यूशन चैनेल तक पहुंचाया जाय, इन सब बातों को ध्यान में रखा जायेगा। इसी दृष्टि से हम चिंतित हैं। जहां तक प्राईसेज बढ़े हैं उसके लिए भी हम चिंतित हैं परन्तु इन पर कन्ट्रोल करने के लिए हमें सबका सहयोग चाहिए। सरकार अपने स्तर पर राज्य सरकारों के माध्यम से जितना भी हो सकता है प्राईसेज को कन्ट्रोल करने के लिए, प्राईसेज बढ़ने को रोकने के लिए कदम उठायेगी।

*SHRI E. R. KRISHNAN (Tair.il Nadu): Mr. Deputy Chairman, I would like to ask some questions on the Calling Attention Notice on recent abnormal rise in prices of essential commodities.

(a) Is it not true that the dearness was caused because of inflation, less production, and the import of essential commodities used in our day-today life?

(b) Is it not true that the dearness was caused because there has been difference of opinion between the Department of Commerce and other departments?

(c) Is it not true that the deamess was caused since more producers a.id merchants have been hoarding the essential commodities and selling them later on as they like? i

(d) Is it not true that not only the merchants, but also some land-lords and merchants in the ruling party have been putting pressure on Shri Mohan Dharia, Minister of Commerce to withdraw the public distribution system of essential commodities which he wants to introduce with effect from 1st July, 1979?

English translation of original speech in Tamil.

[Shri E. R. Krishnan]

(e) Is it not true that there has been no co-ordination Committee yet functioning between the Ministry of Commerce and other Ministries—viz., Petroleum and Chemicals, Railways, Steel, Home and Food, arid hence there has been abnormal increase in prices?

(f) Is it not true that since ihn present government does not follow the policy of previous government of not encouraging the private sector, there has been abnormal rise in prices? I would like to know the number of public undertakings established under the present government since it came to power.

(g) Is it not true that even a match box is not available at the price ad vertised by the Finance Ministry in their adevrtisement showing the in crease and decrease in the prices of essential commodities?

(h) I8 it not true that the essential commodities required by poor men tor their daily use—such as—vegetables, firewood, Coal, Kerosene, Soap, Tooth-paste, Edible Oils, Pulses and Baby food etc.—are being sold at a high rate even in Delhi, inspite of the concessions announced by the Ministry of Finance?

(i) Is it not true that the housebuilding materials—such as steel, timber, paint and cement etc. arc being sold at a high rate? i would like to know as to what steps have been taken by government to control their price.

(j1) Poor people have to wait in a long queue for hours together to get even one litre of Kerosene Oil. To avoid such a grim situation, the Minister of Food in the Government of Tamil Nadu had suggested for delegating the power of appointing wholesale dealers in Kerosene to the State Governments. Is it not true that the dearness in Kerosene was caused, because that suggestion was not accepted?

(k) Is it not true that since the Janata Government pursues a wrung economic policy, there ha3 been an abnormal increase in prices of all essential commodities—excep't wheat and rice?

Mr. Deputy Chairman, the people have been suffering a lot due to an abnormal increase in prices—on an average at about 25 per cent—for the last two months.

I, therefore, request, the Minister, Sir, on behalf of the poor people in our country to find out a permanent solution to the problem, it may be solved by opening fair-price shops throughout the country i.e. one fair price shop for one thousand families.

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : श्रीमन्, इसेन्शियल कमोडिटीज एक्ट के सेक्शन 3 में आवश्यक वस्तुओं के संबंध में समुचित अधिकार दिए हुए हैं और धारा 5 के अनुसार इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के अधिकांश अधिकार राज्य सरकारों को दे दिए गए हैं इसलिए मैं माननीय सदस्य को आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि अपने आप पहले से ही राज्य सरकारों को इसेन्शियल कमोडिटीज एक्ट के अन्तर्गत सभी अधिकार दिए हुए हैं। उसके अतिरिक्त अगर कहीं वे अनुभव करते हैं कि कहीं कोई दिक्कत है, उस संबंध में अगर वह केन्द्रीय सरकार को लिख कर भेजेंगे तो केन्द्रीय सरकार उसको एग्जामिन करने के बाद उन अधिकारों को देने में किसी प्रकार नहीं हिचकिचाएगी ।

जहां तक दूसरे प्रश्नों का सवाल है, मैं यह बताना चाहूंगा कि समय समय पर विभिन्न मंत्रालयों के स्तर पर, विभिन्न मंत्रालयों में आपस में उन सारे प्रश्नों पर बजट के पहले भी, बजट के बाद भी, अगर किसी चीज की कमी आती है या प्राइसेज बढ़ती हैं, कोई ऐसी समस्या आती है, तो हर प्रश्नों पर बातचीत होती है । अगर कहीं ट्रांसपोर्ट बौट्लनेक हो गया है और केरासीन और कोल नहीं पहुंच रहा है, इस

तरह की बातों पर समय समय पर विभिन्न मंत्रालयों में हर बार चर्चा होती है । तो यह कहना ठीक नहीं होगा कि हमारा कोआर्डि-नेशन, हमारा समन्वय ठीक नहीं है, पूरा कोआर्डिनेशन देश भर में है । बल्कि मैं आपके माध्यम से सूचना देना चाहूंगा कि अभी तक जो अनुभव किया जा रहा था कि हमारे देश के अन्दर उपभोक्ता आन्दोलन बहुत कम-जोर है और अगर है तो केवल शहरों तक सीमित है, मिडिल क्लास तक सीमित है, इसको मजबूत किया जाए, इस दृष्टि से श्रीमन्, जनवरी 1978 में एक कोआर्डिनेशन कमेटी बनाई गई थी, जो डिफरेंट कंज्यूमर सेन्टर्स हैं देश में बिखरे हुए, उनकी एक स्टीयरिंग कमेटी बनी और अब उस स्टीयरिंग कमेटी ने मिल कर अपना एक कांस्टीट्यूशन तैयार कर लिया है । और उन्होंने इंडियन फेडरेशन आफ कन्ज्यूमर्स आर्गनाइजेशन 6 फरवरी को बना लिया है । यह रजिस्टर हो चुका है और उसके प्रेसिडेन्ट मिस्टर जैन हैं जो एम० आर० टी० पी० सी० के पहले सदस्य रहे हैं । यह बहुत बड़ा कदम है जिसको हमने उठाया है । हम चाहते हैं कि हमारे देश के जो उपभोक्ता हैं वे अपनी कठिनाइयों के लिए मिल कर लड़ सकें और इस दृष्टि से सरकार पर और व्यापारियों पर दोनों स्तरों पर अपना दबाव डाल सकें । यह कार्यवाही हम ने की है । यह मैं पहले ही बता चुका हूं कि हमने कौन-कौन से कदम उठाये हैं ।

SHRI PILOO MODY: May I say something?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let us finish this first.

श्री इन्द्रदीप सिंह (बिहार) : उपसभापति महोदय, मंत्री महोदय के भाषण को मैं सुन रहा था । उन्हें बड़ी चिन्ता है । कीमतें बढ़ रही हैं इस की बड़ी चिन्ता है । उन से थोड़ी ज्यादा चिन्ता धरिया साहब को है । सतीश बाबू बैठे हुए हैं, उन को चिन्ता है । चौधरी साहब व्यापारियों की मीटिंग में नहीं जा सके, वहां उन का भाषण पढ़ा गया । उन्होंने कहा कि उनको भी चिन्ता है । मोरार जी भाई कहते हैं कि हम चिन्ता है । जार्ज फर्नेन्डिज साहब कहते हैं कि हमको चिन्ता है और लोगों को विश्वास नहीं हुआ कि उन को चिन्ता है तो अपनी बीबी को भेज दिया प्रदर्शन निकालने के लिए कि उन को भी चिन्ता है ।

श्री सुरेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश) : उपसभा-पति जी, मैं प्रोटैस्ट करना चाहता हूं । बीवियां प्रापर्टी है क्या अगर कोई मर्द चाहेगा तो अपनी बीबी को भेजेगा ? नारी समाज के मुताल्लिक जो इन्होंने एटीट्यूड लिया है मैं उस का विरोध करता हूं ।

श्री इन्द्रदीप सिंह : मैं तो ऐसा नहीं समझता लेकिन मेरे लायक दोस्त जिस पार्टी को बिलांग करते हैं वह क्या कहती है । उन के दल के लोग माने तो मैं क्या करूं ।

श्री सुरेन्द्र मोहन : मैं आप से पूछना चाहता हूं कि आप मानते हैं ? आप नहीं मनाते हैं तो जार्ज फर्नान्डीस की बीबी के मुता-ल्लिक जो बात आप ने कही है उस को आप विदड्रा करें ।

श्री इन्द्रदीप सिंह : मैं विदड्रा नहीं करूंगा

श्री सुरेन्द्र मोहन : आप विदड्रा नहीं कर रहे है तो आप नारी समाज का अपमान कर रहे हैं और कम्युनिस्ट पार्टी के सिद्धांतों के बरखिलाफ जा रहे हैं ।

श्री इन्द्रदीप सिंह : मैं जानता हूं कम्युनि-निस्ट पार्टी क्या कहती है ।

श्री सुरेन्द्र मोहन : आप इतनी बेशर्मी से यह बात कह रहे हैं कि आप को माफी मांगनी चाहिए ।

श्री इन्द्रदीप सिंह : इस से आप की सरकार का बचाव नहीं होगा ।

श्री सुरेन्द्र मोहन : आप कह रहे हैं कि जार्ज फर्नाडीज ने अपनी बीबी को भेज दिया जैसे बीबी

[श्री सुरेन्द्र मोहन]

अपनी हैसियत नहीं रखती, उस का अपना अस्तित्व नहीं है। आप ऐसे मानते है, आप समझते हैं कि नारियां केवल प्रापर्टी हैं. . . .

श्री इन्द्रदीप सिंह : आप कहना चाहते हैं कि वे अपने मन से गयीं तो मैं मान लेता हूं कि वे अपने मन से गयीं।

उपसभापति महोदय, इस सारी बहस के बाद मुझे एक छोटा सा किस्सा याद आता है। एक गृहिणी अपने रसोईघर से दूसरे घर में गयी सामान लाने के लिए। इस बीच बिल्ली आ कर दूध पीने लगी। गृहिणी ने देखा कि बिल्ली दूध पी रही है। उस ने उस को लेक्चर देना शुरू किया कि यह बहुत खराब है, तुम्हें दूध नहीं पीना चाहिए। बिल्ली नहीं मानी। गृहिणी ने घर के तमाम लोगों को बुला कर उन की मीटिंग की, वहां प्रस्ताव पास किया कि यह बिल्ली दूध पीती है सो बहुत खराब है उस के बाद तमाम मोहल्ले-टोले की मीटिंग की कि यह बिल्ली दूध पी जाती है, यह बहुत खराब है। उस के बाद भी बिल्ली नहीं मानी। यही हाल इस सरकार का है। सब को अफसोस है, अफसोस है कि दाम बढ़ते जा रहे हैं। तो जो बिल्ली दूध पी रहीं है उस को मारते क्यों नहीं हैं। क्यों दाम बढ़ रहे हैं। कौन उसके लिए जिम्मेदार हैं? नम्बर एक, श्री भानुप्रताप सिंह बैठे हुए हैं और उन के मिनिस्टर हैं श्री बरनाला। उन्होंने क्या किया है? तमाम चीनी मिलमालिकों को बटोर लिया है। जो प्राइवेट सेक्टर के मिलमालिक हैं, जो कोआपरेटिव सेक्टर के मिल मालिक हैं और जो सरकारी सेक्टर के मिलमालिक हैं—तीनों सैक्टरों के मिलमालिकों की मीटिंग कर के इन लोगों ने एक उन की कमेटी बनवायी है जिस कमेटी का काम है यह फैसला करना कि महीने में कितनी चीनी बाजार में छोड़ी जाय। और जब से इस स्टीयरिंग कमेटी ने काम करना शुरू किया है तब से चीनी के दाम बढ़ने लगे हैं। अभी मंत्री महोदय ने बताया कि सरकार ने पैरवी कर के उस स्टीयरिंग कमेटी से अप्रैल का कोटा बढ़वा दिया है। लेकिन उस कमेटी को भंग क्यों नहीं करते? एक दिन इसी सदन में मैं ने कहा था कि मोनोपोली एंड रिस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रेक्टिसेज ऐक्ट के मुताबिक वह कमेटी गैर कानूनी है। वह एक किस्म की कार्टेल है जिसे खानगी पूंजीपतियों ने बनायी है। परन्तु उस के पीछे सरकार का हाथ है। सरकार के मिनिस्टरों का हाथ है और मुझे अखबारों में यह समाचार देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि एम. आर० टी० पी० कमीशन ने, उस के रजिस्ट्रार ने उन लोगों पर नोटिसेज जारी किये हैं कि आप सफाई दें कि क्यों नहीं आप के ऊपर कार्यवाही की जाये। तो सरकार क्यों नहीं यह कार्यवाही करती। सरकारी कानून है एम0आर0टी0पी0ऐक्ट। उस का उल्लंघन कर के मिल मालिकों ने कार्टेल बनाया है और यह कार्टेल बना कर वह चीनी का दाम बढ़ा रहे हैं। मंत्री महोदय ने स्वीकार किया है कि चीनी के दाम बढ़ गये हैं। इस पर हमारा कोई अधिकार नहीं हैं आप क्यों नहीं इस कार्टेल को भंग कराते? आप क्यों नहीं चीनी के डिस्ट्रीब्यूशन पर कंट्रोल लागू करते? आप क्यों नहीं चीनी का सारा स्टाक अपने हाथ में लेते हैं? और ऐसा कर के क्यों नहीं आप उस को नियंत्रित दामों पर सरकारी दूकानों के जरिए बिकवाते हैं? आप प्रचार कर रहे हैं दो साल से और मैं समझता हूं कि धारिया जी तो दो साल पहले से प्रचार कर रहे हैं, जब वह कांग्रेस के मिनिस्टर थे तब से प्रचार कर रहे हैं कि हम सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लागू करेंगे। अब उन्होंने तारीख भी निर्धारित कर दी कि पहली जुलाई से यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली लागू होगी। मैं एक साधारण सा सवाल पूछना चाहता हूं। इस सार्वजनिक वितरण प्रणाली में जो चीजें बेची जायेंगी वह किन के नियंत्रण में होंगी? वह मिल मालिकों के नियंत्रण में होगी। पूंजीपतियों के नियंत्रण में होगी, भू-स्वामियों के नियंत्रण में होगी या सरकार के नियंत्रण

में होंगी । अगर उन वस्तुओं पर पूंजीपतियों का नियंत्रण रहेगा , अगर उन पर बड़े-बड़े व्यापारियों का नियंत्रण रहेगा, बड़े-बड़े भुस्वामियों का नियंत्रण रहेगा तो वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली जिस दिन जन्म लेगी उसी दिन उस का राम नाम सत्य भी हो जायगा। वह चलने वाली नहीं हैं । क्योंकि किसी भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की यह आवश्यक शर्त हैं कि आप जिस चीज का उस में वितरण करें पहले उस का स्टाक आप के हाथ में हो । तो अगर आप सार्वजनिक वितरण प्रणाली लागू करना चाहते हैं तो उस की पहली शर्त है कि जितनी जीवनोपयोगी वस्तुएं हैं उन का सारा स्टाक जो उस के उत्पादक हैं उन से ले लिया जाय। मैं कलकारखानों के राष्ट्रीयकरण की बात अभी नहीं कर रहा हूं। मैं सर्फ उन की पैदावार को हाथ में लेने की मांग कर रहा हूं । उन्हें आप अपने हाथ में ले लीजिए और तब अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए उन का वितरण कीजिए ।

लेकिन सरकार की नीति क्या है कि जो हाथ में है उस को भी छोड़ दिया 65 प्रतिशत चीनी हाथ में थी, उसको छोड़ दिया । कट्रोल क्लाथ की स्कीम हाथ में थी । वह सरकार वितरण करती थी। उसको त्याग दिया । त्याग देने के बाद उद्योग मंत्री साहब ने कहा कि अब कपड़ा सस्ते दाम पर मिलेगा । हम कपड़ाहाथ करघा पर बनवायेंगे, हम पावर लूम पर बनवायेंगे और मिल वाले दूसरा कपड़ा बनायेंगे । मिल वालों ने कपड़े का दाम बढ़ा दिया । फर्नान्डीज साहब ने उन को धमकी दी। उनसे मिन्नत की. उनसे विचार विमर्श किया लेकिन मामला तय नहीं हुआ और कपड़े का दाम बढ़ता जा रहा है तो कपड़े का वितरण आप तभी कर सकेंगे जब कपड़े का स्टाक आप के हाथ में हो । अगर सरकार स्टाक हाथ में नहीं लेगी तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली लागू करने से दाम कसे घटेगा ?

इसी प्रकार से मैं यह पूछना चाहता हूं, माननीय मंत्री जी ने कहा कि हम क्या करें, अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थ के दाम बढ़ गये हैं । आप सारे फैक्टस क्यों नहीं रखते सदन के सामने । अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड पेट्रोलियम का दाम, जो सरकार खरीदती है वह 11 से 14 डालर प्रति बेरल पड़ता है । उससे बढ़ा नहीं है । जो स्पोट मार्केट में सरकार खरीदती है तो वहां उसको 22 डालर प्रति बेरल लगता है । अगर पेट्रोल का क्रूड आप 27 डालर प्रति बेरल के हिसाब से खरीदते हैं तो भी एक टन के लिए 7 बेरल लगता है जिसका दाम 154 डालर होगा इस प्रकार 1 हजार लीटर पैट्रोल के लिए आपको जो क्रूड खरीदना पड़ता है जिसका दाम लगभग 12 सौ से 13 सौ रुपया हुआ । रिफाइनिंग कास्ट क्या होती है सो आप जानते हैं । किसी प्रकार दो रुपए लिटर से ज्यादा पेट्रोल का दाम नहीं पड़ता है और वह 4 रुपए बिकता है । क्यों बिकता है ? इसलिए नहीं कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दाम बढ़ गया है बल्कि इसलिए कि सरकार ने पेट्रोल का कंजम्पशन कम हो इस नाम पर उसपर भारी ड्यूटी लगाई है । जितना उसका दाम है उतना ही उस पर टैक्स है और आप टैक्स बढ़ाते जा रहे हैं और जब देश के अन्दर दाम बढ़ता है तो कहते हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दाम बढ़ा है। यह गलत है । अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दाम बढ़ने से हमारे देश के अन्दर पेट्रोल का दाम नहीं बढ़ा है । आपके ड्यूटी और टैक्स लगाने से पेट्रोल का दाम बढ़ा है ।

उसी प्रकार, उपसभापति महादय, मंत्री महोदय सरकार को छोड़कर बाकी सबको दोष देते हैं । अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में

[श्री सुरेन्द्र मोहन]

दाम बढ़ गया, एसेंशल कमोडिटीज ऐक्ट को लागू करना राज्य सरकारों का काम है, कुछ सीजनल फैक्टर्स हैं जिनकी वजह से दाम बढ़ गया, इत्यादि । लेकिन कुछ चीजों का दाम नहीं बढ़ा है जैसे आलू का । पता नहीं मंत्री महादय को मालूम है कि नहीं, आज ही सदन में एक प्रश्न था कि यू० पी०, हरियाणा और पंजाब के बहुत से किसानों ने खेतों में आलू खोदा तक नहीं क्योंकि आलू खोदने में जो उनको मजदूरी लगानी पड़ेगी उतना भी दाम उनको नहीं मिलता है । सड़क के किनारे आलू का स्टाक पड़ा हुआ है, उसको कोई लेने वाला नहीं है । दिसम्बर में मैं जालंधर गया था। वहां 30 रुपए क्विटल, 30 पैसे किलो आलू बिक रहा था । उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों से आये लोगों ने बताया कि कहीं कहीं तो 10 रुपए क्विटल भी कोई आलू को लेने वाला नहीं है । लेकिन यहीं दिल्ली में 80 पैसे किलो आलू मिलता है। जब 30 पैसे में खरीद पड़ती है तो 80 पैसे में बड़ी मेहरबानी करके दिल्ली के बड़े व्यापारी आलू बेचते हैं । आप क्या सार्वजनिक वितरण प्रणाली की जिएगा । आप क्यों नहीं वह आलू जो सड़कों के किनारे सड़ रहा है वह लेकर दिल्ली और दूसरे बड़े-बड़े शहरों में, औद्योगिक केन्द्रों में बेचते हैं ? तो वह आप नहीं करेंगे ?

श्री नायडू अभी यहां नहीं हैं । उन्होंने कहा कि कल-कारखानों में बने माल का दाम बढ़ रहे है और खेती की पैदावार का दाम घट रहा है। मोटे तौर पर यह कहना सही है । इसमें एक ही बात मैं जोड़ना चाहता हूं कि मंत्रियों के वक्तव्यों का भी मूल्य दिनों दिन घटता रहा है। कोई विश्वास करने वाला नहीं है, आपकी इन बातों पर कि आप कभी कीमतों पर नियंत्रण कर सकेंगे । कैसे नियंत्रण कीजिएगा । मैं एक तथ्य की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । पिछले दो वर्षों में मुद्रा प्रसार में करीब 29 फीसदी बढ़ोत्तरी हुई है जनता सरकार के आने के बाद । उसके पहले इन्दिरा जी ने 20 फीसदी बढ़ाया । 3 वर्ष का मिलाकर लगभग 49 फीसदी मुद्रा प्रसार बढ़ गया जब कि राष्ट्रीय उत्पाद मात्र 12 फीसदी बढा । इतनी मुद्रा जब आपने अर्थ व्यवस्था के अन्दर छोड़ दी है तो दाम बढ़ेगा नहीं तो क्या होगा ? दाम तो बढ़ेगा ही ।

बैंक वाले क्या कर रहे हैं ? सारे बैंक आपके हाथ में हैं । लेकिन उनका क्या धंधा है ? रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री आई० जी० पटेल ने कहा है कि पिछले साल 31 मार्च, 1978 और 23 फरवरी, 1979 के बीच अनुसूचित बैंकों द्वारा व्यवसायिक क्षेत्रों को दिया गया निबल ऋण 17.3 फीसदी बढ़ गया जब कि 1977-78 की इसी अवधि में वह मात्र 7.6 फीसदी पर था । पदावार में बढ़ती के प्रतिशत की पृष्ठभूमि में ऋण की इस बढ़ती को कभी भी उचित नहीं कहा जा सकता। तो इससे आप देख रहे हैं कि खानगी क्षेत्र को अतिरिक्त बैंक ऋण 7 फीसदी से 17 फीसदी हो गया है। नन फूड कामर्शियल सेक्टर में इतना बढा है । वह कर्ज ले रहे हैं जखीरेबाजी के लिए, सट्टेबाजी के लिए सरकारी बैंकों के रुपये से जुवेबाजी और सट्टेबाजी को आपकी नीतियां बढावा दे रही हैं। सदन में आकर आप उपदेश देते हैं। कहते हैं कि हमको "बड़ी चिन्ता" है ; हम "प्रबन्ध करने" जा रहे हैं । कीमतें "घटाने" जा रहे हैं । कौन आपकी बातों पर विश्वास करेगा ? इसलिए अभी भी अगर आप चाहते हैं कुछ हो तो मैं एक सुझाव देता हूं । वह सुझाव यह है कि या तो सदन में, पूरे सदन में बहस करायें इस सवाल पर कि क्या उपाय किया जा सकता है, या सदन के सभी पक्षों के लोगों को लेकर एक कमेटी बनायें कि कीमतों की बढ़ती को रोकने के लिए तुरन्त क्या कारगर कदम उठाये जाने चाहियें । नहीं तो मैं चेताव

देना चाहता हूं कि 1979 का साल कीमतों के विस्फोट का साल होने जा रहा है और इस विस्फोट का असर सबसे ज्यादा मजदूर वर्ग, कर्मचारी वर्ग और गांव के गरीब लोगों के ऊपर पड़ने वाला है । अगर सरकार ने इस चीज को नहीं संभाला तो देश में धूआंधार आन्दोलन होगा । आपने तमाम लोगों की जेबें खाली करवा दी हैं कीमतें बढ़वा कर, और अभी लोग चुपचाप बर्दाश्त कर रहे हैं । इसलिए समय रहते सरकार को चेतन हो जाना चाहिये और ईमानदारी से कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहियें ।

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : श्रीमन्, साथी श्री सिंह जी ने दल की नीति के आधार पर कई आर्थिक मुद्दे खड़े किये हैं । यह तय है कि साम्यवादी दल की आर्थिक नीति और जनता दल की आर्थिक नीति में बहुत अन्तर है ।

**श्री इन्द्रदीप सिंह** : मैंने साम्यवादी दल की नीति की बात नहीं कही है, यहां पर जनहित की बात की है . . .

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : Just a minute, please. जहां तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली और नियंत्रण का प्रश्न है अगर उससे सीधा सम्बन्ध सिंह जी का यह है कि जितना भी प्रोडक्शन है चाहे वह कृषि के क्षेत्र में हो चाहे कारखाने के क्षेत्र में हो, सरकार सारे उत्पादन को अपने नियंत्रण में ले ले तो इससे हम सहमत नहीं हैं । निश्चित रूप से जिन वस्तुओं को भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली में शामिल किया जाएगा, वितरण के लिए वह सरकार के पास निश्चित मात्रा में आए और निश्चित मूल्य पर आए इसकी समुचित व्यवस्था की जाएगी । इस पर विचार किया जा रहा है। इस योजना को पूरा करने में कई लोगों के कई प्रकार के आरोप सहन करने पड़ेंगे, बाधाएं सहन करनी पड़ेंगी । लेकिन इन सबके बावजूद भी इस वितरण प्रणाली को निश्चित रूप से एक जुलाई से हमें लागू करना है, यह हमने तय किया है । इस पर हम कार्य कर रहे हैं ।

आपने अन्त में एक सुझाव दिया है, मैं उस सुझाव का स्वागत करता हूं कि क्यों न जो बढ़ते हुये मूल्य हैं उन पर इस प्रकार काबू पाया जाए कि कीमतें बढ़ न पायें । मैं इसका स्वागत करता हूं और मैं विश्वास दिलाता हूं कि निश्चित रूप से इस पर विचार किया जाएगा । वैसे जो स्टील सप्लाई डिपार्टमेंट है उसकी कंसलटेटिव कमेटी के सदस्य और अन्य सदस्य जो इस सम्बन्ध में रुचि रखते हैं उनको आमंत्रित करके इस प्रश्न पर खुल कर बहस और विचार हो यह हम चाहते हैं। इससे निश्चित मुद्दे तय हो सकेंगे और बढ़ते हुये मूल्यों पर समय समय पर काबू पा करके लोगों को राहत दे सकेंगे । जो आपने पैट्रोलियम मंत्रालय के बारे में कहा और कृषि मंत्रालय में शूगर को लेकर जो बात कही उन पर विचार विमर्श हो रहा है। वैसे आपके विचारों को कृषि मंत्रालय तक, पेट्रोलियम मिनिस्ट्री तक मैं पहुंचाने की कोशिश करूंगा ।

DR. MALCOLM S. ADISESHIAH (Nominated): Mr. Deputy Chairman, Sir, following what Mr. Sinha has said, I have only one main point to make. The official position on prices is that in six weeks, that is to say, from 24th February to 7th April, there has been a 4.87 per cent increase. Projecting this over the year, this is a 38.4 per cent increase in prices, which has never taken place in India. I am one of those who are monitoring every week what is happening to the prices on the basis of the price indices which are published by the authorities. Mr. Deputy Chairman, Sir, may I tell both the Minister of Civil Supplies and the Minister of Finance that, I am afraid, that this is not happening as a result of the Budget and

[Dr. Malcolm S. Adiseshiah]

that this price rise, I am afraid, is not seasonal. My prediction now is that by the end of July we can decide whether this increase at the rate of 38 per cent is something of a long-term nature—a rise which is higher than what we had in the years 1973 and 1974. Therefore, I feel that though Mr. Goswami and his colleagues put this Calling Attention Motion to the Department of Civil Supplies and Co-operation, the issue • which has been raised is beyond that Department. It is a question for the Government as a whole. And, therefore, my suggestion is that the Government, as a whole, should now take a view on this. It goes well beyond the purview of demand and supply increases, which the Department of Civil Supplies is working on. I wish them all good luck. But we are back again to the 1973-74 situation, when the Government, as a whole, has to take an integrated position on this question.

I would suggest, Mr. Deputy Chairman ,Sir, that unlike what we did in 1973-74, we should now begin preparing a plan, on the assumption that, I am right and those who do not agree with me, are wrong, and that there is developing an inflationary situation. The plan will have to be multifaceted, starting with control of money supply and credit. Shri Sinha has said that price rise is because of credit to the commercial sector. I do not agree with Sinha that it is so. It is not the amount of business credit which is serious. It is the increase in the money-supply in the hands of the public. We have now got the compulsory deposits that we had deposited in the last three years. You should prepare a plan to see what we will do with the compulsory deposits that you are returning and how to immobilise the surplus resources in the hands of the black marketeers etc. Unlike Mr. Naiiu I believe that we should for specific pin-poses use foreign exchange to import certain goods in order to keep down the prices, if necessary. We should increase the supply base and above all improve the public distribution system which, I hope, will not only improve in terms of the quantity of goods distributed but also penetrate into the rural areas. I do not know whether I am right. But so far as my knowledge goes Kerala is the only State in the country which has public distribution system which reaches every village. It is the vilagers who are suffering more than us, the; middle class people. So my proposal is that the Government should take an integrated look at the [price situation. The Ministry of Finance, the Planning Commission and all those involved in the management of prices should prepare a plan which must be put into operation.

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : श्रीमन्, माननीय सदस्य ने बहुत से अमूल्य सुझाव दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में जो विचार सदन के सामने रखे हैं और जिन प्रश्नों पर प्रकाश डाला है उन पर किसी एक खास मंत्रालय में विचार न करके सरकार के उच्च स्तर पर विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने अनेक गम्भीर और फिस्कल प्रश्न उठाये। मैं समझता हूं कि उन्होंने बहुत अमूल्य सुझाव दिए हैं। मैं उनके सब विचारों का स्वागत करता हूं और इन विचारो को उच्च स्तर पर और प्रधान मंत्री तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

केरल के बारे में उन्होंने जो सुझाव दिया है और वहां की वितरण प्रणाली की सफलता की जो बात उन्होंने कही है, हम सब उस वितरण प्रणाली को एक आदर्श प्रणाली मानते हैं और उसी प्रकार की वितरण प्रणाली के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। वास्तव में केरल की वितरण प्रणाली से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now we will take up another business. Yes, Messages...

**श्री सुन्दर सिंह भंडारी** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, मेरा निवेदन यह है कि लंच रिसेस से पहले . . .

*(Interruptions)*

**श्री शिव चन्द्र झा** (बिहार) : श्रीमन्, मेरा एक प्वाइंट आफ आर्डर है ।

**श्री उपसभापति** : प्रत्येक दल का इस विषय पर एक एक सदस्य बोल चुका है। इसलिए अब आप अपना स्थान ग्रहण कीजिये ।

**श्री शिव चन्द्र झा** : श्रीमन्, मुझे यह कहना है कि यद्यपि प्रत्येक दल से लोग बोल चुके हैं लेकिन आप जरा हमारी तरफ भी ध्यान दें । बहुत दिनों से मुझें ऐसा लग रहा है कि नाम तो हमारा दे दिया जाता है, लेकिन हमें बोलने का मौका नहीं मिल पाता है। एक दो मिनट का अगर सभी सदस्यों को समय मिल जाता तो ठीक रहता ।

**श्री उपसभापति** : हमारे पास तो बहुत से लोगों के नाम हैं । लेकिन चूंकि इस विषय पर सदन में काफी समय लग चुका था, इसीलिए अब हम दूसरा विषय ले रहे हैं ।

**श्री शिव चन्द्र झा** : श्रीमन्, समय तो आप लगा देते हैं ।

**श्री उपसभापति** : अब आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए । इस विषय को अब समाप्त किया जाय ।

**श्री शिव चन्द्र झा** : श्रीमन्, समय तो आप लगा देते हैं । कोई कोई सदस्य 30-30 और 35-35 मिनट तक बोल जाते हैं । अगर दो तीन मिनट का बोलने का सबको समय मिलता तो ठीक रहता ।

**श्री उपसभापति** : मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि वे सदन की कार्यवाही चलाने में अपना सहयोग दें ।

**श्री शिव चन्द्र झा** : यह कालिंग-अटेन्शन का विषय मंजूर करना या ना-मंजूर करना आपका अधिकार हैं, यह बात सही है । लेकिन बहुत से ऐसे अहम विषय हैं जिनको मंजूर करना भी आपका काम हो जाता है। लोक सभा में वह बात उठ जाती है लेकिन हम लोग वंचित रह जाते हैं । जैसे उदाहरण के लिए . . .

**श्री उपसभापति** : उदाहरण रहने दीजिए ।

**श्री शिव चन्द्र झा** : उदाहरण के लिए . . .

**श्री उपसभापति** : रिकार्ड में नहीं जायेगा ।

(Shri Shiva Chandra Jha continued to speak)

**श्री उपसभापति** : रिकार्ड में नहीं जायेगा कह दिया । कृपया आसन ग्रहण कीजिए ।

(Shri Shiva Chandra Jha continued to speak)

**श्री उपसभापति** : सेक्रेटरी जनरल, प्लीज स्थान ग्रहण कीजिए ।

## MESSAGES FROM THE LOK SABHA

(I) The Kosangas Company (Acqusition of Undertaking),' Bill, 1978.

(II) The Parel Investments and Trading Private Limited and Domestic Gas Private Limited (Taking Over of Management) Bill, 1979.

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following messages received from the Lok Sabha, signed by the Secretary of the Lok Sabha:—

(I)

"In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Busi-